एक नजर में

कुशल्स का '9 टू शाइन' ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च

इंदौर. मीटिंग्स, कॉफी ब्रेक, क्लाइंट प्रेजेंटेशन, ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन या ऑफिस के बाद की योजनाएँ, कामकाजी महिलाओं का हर दिन अलग होता है. इन्हीं बदलती भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का जश्न मनाते हुए, भारत के अग्रणी फैशन ज्वेलरी ब्रांड कुशल्स फैशन ज्वेलरी ने अपना नया '9 टू शाइन' वर्कवियर ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया है. इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें मॉडल्स की जगह अलग-अलग पेशों से जुड़ी वास्तविक प्रोफेशनल महिलाओं को शामिल किया गया है, जो अपने आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के साथ इस कलेक्शन को जीवंत बनाती हैं. लॉन्च के बारे में कुशल्स फैशन ज्वेलरी के सीईओ एवं सह-संस्थापक मनीष गुलेच्छा ने कहा 9 टू शाइन के जरिए हमने ऐसा कलेक्शन तैयार किया है, जो एथनिक, वेस्टर्न, फॉर्मल और कैजुअल, हर तरह के ऑफिस वियर के साथ आसानी से मेल खाता है. हमारा उद्देश्य महिलाओं के लिए ऐसी ज्वेलरी पेश करना है, जो उनके व्यक्तिगत स्टाइल और हर तरह के वर्कडे के अनुरूप हो.

प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट बनने का सपना होगा पूरा

इंदौर. टोनी एंड गाय हेयर एकेडमी में छात्रों को सिर्फ हेयरकट या हेयर स्टाइल करना ही नहीं सिखाया जाता, बल्कि उन्हें एक अच्छा प्रोफेशनल बनाने पर पूरा ध्यान दिया जाता है. यहाँ के कोर्स में प्रोफेशनल हेयरकटिंग, हेयर स्टाइलिंग, हेयर कलर की समझ और नई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाती है. हर चीज़ को पहले आसान तरीके से समझाया जाता है, फिर प्रैक्टिकल करके दिखाया जाता है और उसके बाद छात्रों से खूब प्रैक्टिस कराई जाती है, ताकि वे पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ इस क्षेत्र में अपना करियर शुरू कर सकें. इस एकेडमी की सबसे बड़ी खासियत है कि यहाँ सिर्फ हेयर स्टाइलिंग ही नहीं सिखाई जाती. अनुभवी एक्सपर्ट्स की देखरेख में छात्रों को क्लाइंट से बात करने का तरीका, सैलून में ग्राहकों के साथ व्यवहार और अच्छी सर्विस देना भी सिखाया जाता है. यदि इंदौर में रहकर आप हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह खबर बिल्कुल आप ही के लिए है. टोनी एंड गाय हेयर एकेडमी, गोल्डमार्क आर्केड, एमआर-9 स्थित है.

स्टोआ पेरिस के ब्रांड एंबेसडर बने करण जौहर

इंदौर. एनकम्पास डिजाइन इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रीमियम होम फैशन ब्रांड स्टोआ पेरिस के लिए फिल्म निर्माता और स्टाइल आइकन करण जौहर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है. करण जौहर फैशन और डिजाइन की गहरी समझ के लिए पहचाने जाते हैं. वह अब ब्रांड के आधुनिक, आकर्षक और अभिव्यक्तिपूर्ण होम लिविंग विजन को नई पहचान देने में अहम भूमिका निभाएंगे. सोनिया निगम, बिजनेस हेड-होम फर्निशिंग, एनकम्पास डिजाइन इंडिया लिमिटेड ने कहा स्टोआ पेरिस ऐसे नए और समृद्ध भारत के लिए उत्पाद तैयार कर रहा है, जहां घर अब केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान भी बन गया है. करण जौहर केवल एक स्टाइल आइकन नहीं हैं, बल्कि वे अपने अलग अंदाज, फैशन की समझ और कहानी कहने की कला के लिए भी जाने जाते हैं. शानदार और आकर्षक इंटीरियर के प्रति उनका नज़रिया हमारे ब्रांड की सोच से पूरी तरह मेल खाता है.

बिरला सीएसआर की पहल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

इंदौर. बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत संचालित अंकुरम परियोजना के तहत ग्राम पंचायत भवन, सगमनिया में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए अंतरविभागीय समन्वय एवं क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, डिजिटल तकनीकों के उपयोग तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता को सुदृढ़ बनाना था. बिरला कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा के मार्गदर्शन में कंपनी द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाता है. इसी उद्देश्य के अनुरूप एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल एवं सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद, सीएसआर मैनेजर विजय चौबे, अनामिका एवं आसरा सामाजिक लोक कल्याण समिति की टीम उपस्थित रहीं.

असुस ने इंदौर में खोला गेमिंग एक्सपीरियंस जोन

इंदौर. टेक कंपनी एसुस इंडिया ने इंदौर में दो स्टोर्स- हाइब्रिड स्टोर और पेगासुस स्टोर लॉन्च किए हैं. इन स्टोर्स में एसुस के कई इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर प्रोडक्ट्स उपलब्ध होंगे. इनमें विवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप, गेमिंग डेस्कटॉप, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप और एक्सेसरीज़ शामिल हैं. हाइब्रिड स्टोर बालाजी हाइट्स, गीता भवन चौराहा पर स्थित है. वहीं, प्रीमियम एसुस पेगासुस स्टोर टॉवर चौराहे पर स्थित है. हाइब्रिड स्टोर मप्र का पहला गेमिंग एक्सपीरियंस ज़ोन लेकर आया है, जहाँ गेम लवर्स नई टेक्नोलॉजी को सिर्फ देखेंगे नहीं, बल्कि खुद इस्तेमाल करके उसका अनुभव भी ले सकेंगे इस अवसर पर अर्नोल्ड सू, वाइस प्रेसिडेंट- कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, एसुस इंडिया, ने कहा मप्र हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है. इंदौर में यह नया प्रीमियम स्टोर शुरू होने से यहाँ के ग्राहकों को हमारे नए इनोवेशन को करीब से देखने और इस्तेमाल करने का बेहतर अनुभव मिलेगा. हम आगे भी अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार करना जारी रखेंगे.

गैलेक्सी अल्ट्रा2 व वॉच9 के लिए प्री-ऑर्डर ऑफर्स

इंदौर. सैमसंग ने अपने स्मार्टवॉच लाइनअप के नए मॉडल गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 के भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने का ऐलान किया है. इन दोनों मॉडल को 24/7 पहनने योग्य बनाने और निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए डिज़ाइन किया गया है. ये वॉच उपयोगकर्ताओं के हेल्थ डेटा को नींद, शारीरिक गतिविधियों, हृदय स्वास्थ्य और रिकवरी से जुड़ी उपयोगी गाइडेंस में बदलती हैं. सैमसंग इंडिया में एमएक्स बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा हमारा लक्ष्य एआई की शक्ति का उपयोग करके एक ऐसा भविष्य बनाना है जहाँ स्वास्थ्य सेवा निवारक, निरंतर और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार हो. गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 इसी दृष्टिकोण को साकार करती हैं, जो उन्नत स्वास्थ्य ट्रैकिंग सुविधाएँ प्रदान करती हैं. ये उपयोगकर्ताओं के लिए भरोसेमंद साथी हैं और उन्हें उनकी सेहत के सफर में मदद करने के लिए सही समय पर जानकारियां और अलर्ट देती हैं.

सैमसंग ने लॉन्च की नई फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज

इंदौर. सैमसंग ने अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की भारत में प्री-ऑर्डर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है. नई गैलेक्सी जेड सीरीज़ सात पीढ़ियों के फोल्डेबल नवाचार पर आधारित है और गैलेक्सी एआई तथा जेमिनी इंटेलीजेंस से लैस है, जो उपयोगकर्ताओं को कम चरणों में कार्य पूरा करने में मदद करती है. साथ ही, यह पारदर्शिता, गोपनीयता और उपयोगकर्ता नियंत्रण को भी प्राथमिकता देती है सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जे.बी. पार्क ने कहा पिछली सात जेनरेशन्स में हमारे फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को मिली शानदार प्रतिक्रिया इस श्रेणी में सैमसंग की अग्रणी भूमिका को मजबूत करती है. उपभोक्ता हमारे फोल्डेबल डिवाइसों को उनके आकर्षक डिज़ाइन और पर्सनलाइज्ड गैलेक्सी एआई अनुभव के लिए पसंद कर रहे हैं, जो उत्पादकता और रचनात्मकता को नई ऊंचाई देते हैं.

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट का पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन

इंदौर. ब्रोकरेज और वित्तीय सेवा कंपनी स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड ने 30 जून 2026 को समाप्त पहली तिमाही (वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही) के वित्तीय नतीजों की घोषणा की. कंपनी ने इस तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया. इसकी वजह ब्रोकिंग, मर्चेंट बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट और दूसरी वित्तीय सेवाओं के कारोबार में लगातार अच्छी बढ़त रही. साथ ही रिटेल और हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनआई) निवेशकों का भरोसा भी लगातार बढ़ा. इंदौर मुख्यालय वाली कंपनी का शुद्ध मुनाफा पहली तिमाही में 4.10 करोड़ रुपए रहा. यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 20% ज्यादा है. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुनील न्याती ने कहा कारोबार बढ़ाने और नए उत्पाद विकसित करने की हमारी रणनीति के चलते हाल ही में कई प्रतिष्ठित निवेशक हमारे साथ जुड़े हैं. उन्होंने स्वास्तिका की विकास यात्रा पर भरोसा जताया है.

एक्सिस बैंक और आईआईएस ने जूडो टैलेंट को निखारा

इंदौर. एक्सिस बैंक और देश के बेहतरीन ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) की साझेदारी रंग ला रही है. एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए दोनों संस्थान मिलकर भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय सफलता में बदल रहे हैं. इस कार्यक्रम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, भारत की 4 महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है. मप्र की यामिनी मौर्या, उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, पंजाब की इशरूप नारंग और मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी ने कॉमनवेल्थ खेलों की टीम में स्थान सुनिश्चित किया है. विजय मुलबगल, ग्रुप हेड, होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर, एक्सिस बैंक ने कहा एक्सिस बैंक का मानना है कि असली और बड़ा बदलाव ऐसी साझेदारियों से आता है जो लोगों को आगे बढ़ाएं और नए मौके दें. इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के साथ हमारा जुड़ाव इसी सोच को दिखाता है. इसके जरिए हम होनहार खिलाड़ियों को बेहतरीन कोचिंग, आधुनिक ट्रेनिंग और बड़े स्तर पर खेलने के लिए हर ज़रूरी मदद दे रहे हैं.

इंदौर की नियुक्तियां होल्ड पर क्यों?

इंदौर. इंदौर में नगर निगम एल्डरमैन, आईडीए, पार्टी में कई मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश स्तर पर राजनीतिक पद हो, सभी नियुक्तियों को प्रदेश भाजपा ने रोक लिया है क्यों? इसका कारण क्या हो सकता है? ऐसी कई अटकलें राजनीतिक हलकों से लेकर सामान्य जनता के बीच चर्चा चल रही है.

शहर में नगर निगम परिषद का कार्यकाल ख़त्म होने में सिर्फ 9 महीने बचे हैं. सत्ताधारी दल भाजपा इंदौर के एल्डरमैन नियुक्ति का फैसला नहीं कर पा रही है. सिर्फ नगर निगम ही नहीं, बल्कि आईडीए अध्यक्ष, संगठन के विभिन्न मोर्चे के अध्यक्ष, निगम मंडल के साथ प्रदेश स्तर पर संगठन में जिम्मेदारी देने के लिए इंदौर के नेताओं की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है. इंदौरी नेताओं को सरकार में भागीदारी से लगातार दूर रखा जा रहा है. इसका क्या कारण हो सकता है? यही सवाल चर्चा शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है. आखिर इंदौर को लेकर सत्ता और संगठन क्यों दूरी बनाए हुए है. देखा जा सकता है कि कांग्रेस के समान भाजपा में भी कई गुट और क्षत्रप बन गए हैं. भाजपा में सिंधिया विजयवर्गीय, मेंदोला, महापौर, लालवानी, ताई, हार्डिया, गौड़ और वर्मा के समर्थकों के बीच नाम तय करना टेढ़ी खीर हो गया है.

ज्यादा भागीदारी चाहते हैं नेता

कहा जा रहा है कि बीजेपी के अधिकांश नेता वर्तमान सत्ता में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी चाहते है और संगठन में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं को भी पद देने का आंतरिक विरोध कर रहे है. तमाम नेताओं में एक ही बात है कि कुछ भी हो उनके समर्थकों को ज्यादा पद और सत्ता की भागीदारी हो. इस सबके बीच इंदौर में विजयवर्गीय, मुख्यमंत्री से समझौतावादी रणनीति पर बात करना उचित नहीं समझ रहे है. परिणाम स्वरूप किसी भी पद पर सहमति नहीं बन पा रही है. इसका मजा आम जनता और राजनीतिक हलकों में तमाम तरीकों की चर्चा के साथ लिया जा रहा है.

सामंजस्य बैठाना मुश्किल

ऐसा माना जा रहा है कि सत्ता एवं संगठन के खिलाफ विरोध होने की संभावना के कारण भी इंदौर को प्रतिनिधित्व देने में प्रदेश भाजपा आनाकानी कर रही है. वहीं पार्टी में विद्रोह की संभावना इसलिए बलवती दिखाई दे रही है कि पद संख्या में कम है, लेकिन दावेदार इतने है कि सामंजस्य बैठाना मुश्किल है. उससे बढ़ कर शहर के विभिन्न नेताओं के बीच भी सहमति बनाना और ज्यादा मुश्किल हो गया है.

मौसम खराब होने से दिल्ली-सूरत फ्लाइट इंदौर डायवर्ट

यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग

नवभारत न्यूज़

इंदौर. सूरत में खराब मौसम के कारण दिल्ली से सूरत जा रही इंडिगो की फ्लाइट को शुक्रवार शाम इंदौर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया. विमान की इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई.

जानकारी के अनुसार फ्लाइट नंबर 6ई 2557 दिल्ली से सूरत के लिए रवाना हुई थी. सूरत में मौसम खराब होने के चलते विमान को शाम 5.25 बजे इंदौर एयरपोर्ट लाया गया. विमान में कुल 208 यात्री (पीओबी) सवार थे. फ्लाइट को इंदौर एयरपोर्ट के बे-17 पर सुरक्षित उतारा गया. मौसम में सुधार होने के बाद विमान को दोबारा सूरत के लिए रवाना कर दिया जाएगा. इस दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है.

ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, रतलाम मंडल से गुजरने वाली करीब 20 से 25 यात्री ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है. वहीं इंदौर से चलने वाली इंदौर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस, इंदौर-मुंबई सेंट्रल अवंतिका एक्सप्रेस और इंदौर-मुंबई स्पेशल ट्रेन को निरस्त कर दिया गया है.

गुरुपूर्णिमा पर रेलवे की बड़ी सौगात, सीहोर स्टेशन पर 10 जोड़ी ट्रेनों का मिलेगा ठहराव

नवभारत न्यूज़

इंदौर. गुरुपूर्णिमा महोत्सव और सावन के दौरान सीहोर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने बड़ी राहत दी है. श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने सीहोर रेलवे स्टेशन पर गुजरने वाली 10 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का अस्थायी ठहराव देने का फैसला किया है. यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होकर 30 जुलाई तक जारी रहेगी.

हर वर्ष गुरुपूर्णिमा और सावन के अवसर पर सीहोर स्थित धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. इस दौरान ट्रेनों में भी यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है. इसी को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रमुख ट्रेनों का सीहोर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया है. इससे इंदौर, भोपाल, नागपुर, पटना, वाराणसी, हावड़ा, कामाख्या, यशवंतपुर और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा.

रेलवे द्वारा जिन ट्रेनों का ठहराव दिया गया है, उनमें डॉ. अंबेडकर नगर-नागपुर सुपरफास्ट, डॉ. अंबेडकर नगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस, इंदौर-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की दोनों सेवाएं, डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस, इंदौर-पटना एक्सप्रेस की दोनों सेवाएं, डॉ. अंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस तथा इंदौर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस शामिल हैं. रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा से पहले ट्रेन के समय और अन्य अद्यतन जानकारी की पुष्टि कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े.

सफाई मित्रों के बच्चों के लिए कॅरियर काउंसलिंग

विशेषज्ञों ने दिखाए सफलता के रास्ते

नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ने शुक्रवार को रविंद्र नाट्य गृह में सफाई मित्रों के बच्चों के लिए करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श (काउंसलिंग) कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर को देश का सबसे स्वच्छ बनाए रखने में सफाई मित्रों की अहम भूमिका है और उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निगम लगातार प्रयास कर रहा है.

कार्यक्रम में करियर विशेषज्ञ सांवरलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी दी. विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया. कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के राजीव जैन ने छात्रवृत्ति एवं शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी. स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ला ने कहा कि निगम शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से सफाई मित्रों एवं उनके परिवारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है. इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रखर सिंह सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सफाई मित्र एवं उनके बच्चे उपस्थित रहे.

विकल्पों से अवगत कराया

महापौर ने बताया कि नगर निगम समय-समय पर स्टडी सेंटर, शैक्षणिक सहायता और करियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित करता है. उन्होंने कहा कि दसवीं और बारहवीं के बाद विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के विकल्पों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया. उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम ने शहर की कई प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से चर्चा की है. इसके तहत सफाई मित्रों और नगर निगम कर्मचारियों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग फीस में 50 से 60 प्रतिशत तक की विशेष छूट दिलाने का प्रयास किया जाएगा.

सांदीपनि विद्यालय की शिक्षा व सुविधाओं का किया निरीक्षण

- जिला पंचायत सीईओ ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- अधिकारियों व शिक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

इंदौर. जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को अहिल्या आश्रम स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, छात्रावास एवं शिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान सीईओ जैन ने विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने विद्यालय की आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय का भी अवलोकन किया. इस दौरान विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और नियमित अध्ययन के लिए पुस्तकालय के अधिक उपयोग पर जोर दिया.

विद्यार्थियों से किया संवाद

सीईओ जैन ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास शासन की प्राथमिकता है तथा विद्यालयों का नियमित निरीक्षण शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का प्रभावी माध्यम है.

मालवा मिल झांकी निर्माण स्थल का पूजन

इंदौर. मालवा मिल श्री गणेशोत्सव समिति के अंतर्गत इस वर्ष की गणेशोत्सव झांकी के निर्माण कार्य का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और पूजन के साथ किया गया. ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष योगेंद्र महन्त, समाजसेवी मदन परमालिया और पूर्व पार्षद रमेश उत्पाद के मुख्य आतिथ्य में यह पूजन संपन्न हुआ. समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह और कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मिल मैनेजमेंट से जे.एम. सिकरवार, विनोद जैन, और मधुरम स्वीट्स के गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. पूजन का कार्यक्रम पंडित सुरेन्द्र शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया. इस दौरान गणेशोत्सव समिति के प्रधानमंत्री राजेन्द्र मरमट, संतोष वर्मा, समाज सेवी देवीलाल गुर्जर, विजय जाधव, राजेश गुर्जर, और संजयसिंह भदौरिया आदि ने भी झांकी स्थल पर पूजा-अर्चना में भाग लिया. कार्यक्रम के अंत में संतोष यादव, जवाहर शर्मा, सुरेश गहलोत, राजकुमार वर्मा और करण मकवाना सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे.

सत्य ही परमात्मा का वास्तविक स्वरूप

इन्दौर. गीता भवन मंदिर में चौखानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर वृंदावन धाम से आए भागवत उपासक गोपाल कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपूर्ण वाचन करते हुए अनेक आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक प्रसंगों का अलौकिक वर्णन किया.

कथा का प्रारंभ सत्यं परं धीमहि मंगलाचरण से हुआ. इस अवसर पर महाराज श्री ने कहा कि सत्य ही परमात्मा का वास्तविक स्वरूप है. इसके पश्चात व्यासपीठ से उन्होंने शौनकादि ऋषियों के छह प्रश्नों के उत्तर, सूत जी द्वारा दिए गए उपदेश, नारद जी की प्रेरणा से महर्षि वेदव्यास द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना का शुभारंभ, शुकदेव जी के जन्म तथा महाभारत के उपरांत द्रौपदी के पांचों पुत्रों की हत्या एवं अश्वत्थामा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया. कथा के दौरान महाराज श्री ने उत्तरा स्तुति, कुंती स्तुति, भीष्म पितामह के महाप्रयाण, परीक्षित जी के जन्म, पांडवों के स्वर्गारोहण, परीक्षित को श्रृंगी ऋषि द्वारा दिए गए श्राप, शुकदेव जी के आगमन, सृष्टि प्रकरण तथा भगवान कपिल द्वारा माता देवहूति को दिए गए सांख्य दर्शन के पावन उपदेश का विस्तार से वर्णन किया. वहीं सती चरित्र एवं भगवान शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस और अलौकिक आनंद में सराबोर कर दिया. कथा के दौरान आयोजक चौखानी परिवार की ओर से श्रीमद्भागवत महापुराण एवं व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर आरती की गई. मुख्य आयोजकों में श्री अनिरुद्ध चौखानी, श्रीमती वीना अरुण चौखानी एवं समस्त चौखानी परिवार शामिल रहे. चौखानी परिवार ने इन्दौर के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे गीता भवन मंदिर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है.

श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

लगातार 13वीं बार सीनियर स्टेट बिलियर्ड्स चैंपियन बने केतन चावला

पीयूष, अनुराग, सौरभ और रितिक ने स्नूकर के सेमीफाइनल में बनाई जगह

इंदौर. मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स अकादमी में आयोजित 40वीं एमपी स्टेट सीनियर बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में इंदौर के केतन चावला ने लगातार 13वीं बार सीनियर स्टेट बिलियर्ड्स का खिताब अपने नाम कर नया कीर्तिमान स्थापित किया.

एक घंटे के टाइम फॉर्मेट में खेले गए फाइनल मुकाबले में केतन चावला ने भोपाल के संदीप यादव को 269-140 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले सेमीफाइनल में केतन ने महेंद्र चौहान को 258-119 से शिकस्त दी, जबकि संदीप यादव ने सिद्धार्थ पाटनी को रोमांचक मुकाबले में 183-162 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था. क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में केतन चावला ने प्रदीप शर्मा को 339-98, संदीप यादव ने अर्जन आनंद को 186-181, महेंद्र चौहान ने आगम गंगवाल को 303-89 तथा सिद्धार्थ पाटनी ने हार्दिक गायकवाड़ को 284-146 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी. वहीं स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पीयूष कुशवाहा ने हर्षित शर्मा को 3-1, अनुराग गिरी ने दिव्यांश शुक्ला को 3-0, सौरभ श्रीवास्तव ने देवांग सिंह को 3-2 तथा रितिक जैन ने भरत सिसोदिया को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.

एक नजर में | 573 नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत, तीन नए यूजी कोर्स भी शुरू

आईआईटी इंदौर में नई उड़ान की शुरुआत

नवभारत न्यूज़

इंदौर. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी इंदौर में शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ. ओरिएंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान ने 573 नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों का स्वागत किया. इस दौरान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुसंधान संस्कृति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल प्रवीण बख्शी, वीएसएम, कमांडेंट, एमसीटीई महू रहे, जबकि अध्यक्षता आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने की. मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल प्रवीण बख्शी ने विद्यार्थियों से तकनीक और नवाचार को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने का आह्वान करते हुए एमसीटीई, महू की उन्नत तकनीकी सुविधाओं से परिचित होने के लिए आमंत्रित किया. प्रो. जोशी ने कहा कि आईआईटी इंदौर देश के तेजी से उभरते आईआईटी में शामिल है और एनआईआरएफ रैंकिंग में 12वें स्थान पर है. उन्होंने विद्यार्थियों से समाज की समस्याओं के समाधान से जुड़े नवाचार और शोध पर कार्य करने का आह्वान किया.

साथ ही जेनेसिस 5.0 इंडक्शन कार्यक्रम के तहत अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, मेकर्स्पेस, खेल सुविधाओं और परिसर जीवन से परिचित कराने की जानकारी दी. ओरिएंटेशन के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक नीतियों, अनुसंधान के अवसरों, छात्र सहायता सेवाओं और परिसर जीवन की जानकारी दी गई. संवादात्मक सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

नि:शुल्क डेंटल चेकअप एवं जागरूकता शिविर

इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रनगर में विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क डेंटल चेकअप एवं डेंटल अवेयरनेस कैम्प का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते दंत समस्याओं की पहचान करना था.

शिविर में डॉ. सुरभि एवं उनकी टीम ने लगभग 120 विद्यार्थियों का नि:शुल्क दंत परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को दाँतों की नियमित देखभाल, मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व तथा सही ब्रशिंग तकनीक की जानकारी दी गई. विशेषज्ञों ने स्वस्थ दंत आदतें अपनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए.

शिविर के उपरांत सभी विद्यार्थियों को डेंटल किट एवं बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए. इस सेवा प्रकल्प को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर